**Set B**

# तृतीय कालांत योगात्मक आकलन 2025-2026
# SUMMATIVE ASSESSMENT III
## (Model)

Time : 90 Minutes
Cool off time : 15 Minutes

**Standard : X**
Score : 40

## Third Language
# HINDI

© State Assessment Cell - SCERT, Kerala

---

**सूचना : 'दिल्ली में उनींदे' संस्मरण का यह अंश पढ़कर प्रश्न 1 और 2 के उत्तर लिखें।**

> "आपका मतलब, आप इस तीन फीट लंबी पिछली सीट पर सोते हैं?" "हाँ।" "और आपकी चीज़ें?" "उनपर आप बैठी हैं..." वह बताता है कि जिस सीट पर मैं बैठी हूँ, उसके नीचे उसका बक्सा है, जिसमें एक कंबल है, एक जोड़ी कपड़े हैं और एक कटोरा है। कटोरा पानी पीने के काम भी आता है और खाना रखने के भी। "आप खाना कहाँ खाते हैं?" "किसी भी ढाबे में।"

1. ऑटोवाला राजा राम कहाँ सोता है? 1

(क) ढाबे में (ख) ऑटो में

(ग) नए घर में (घ) अस्पताल में

2. इस प्रसंग के आधार पर ऑटोवाला और लेखिका के बीच की **बातचीत** लिखें। 4

**सूचना : 'खिड़की' लघुकथा का यह अंश पढ़कर प्रश्न 3 और 4के उत्तर लिखें।**

> "दीदी जम्मू की शॉल ले लो! बहुत बढ़िया है!" रंग-बिरंगी शॉलों का भारी गठर उठाए एक साँवली-सलोनी कजरारी आँखों वाली युवती पत्नी को इसरार करने लगी। "कितने की है?"अढ़ाई सौ की!" "इत्ती महँगी!" "ज़्यादा पीस लोगी, तो कम कर दूँगी।" "मुझे दुकान खोलनी है क्या?"

3. युवती ने पत्नी को क्यों इसरार किया ? 2

4. लघुकथा के इस अंश के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य लिखें। 4

**सूचना : 'रैन बसेरे में...' यात्रावृत्त का यह अंश पढ़कर प्रश्न 5 और 6 के उत्तर लिखें।**

> पड़ोस के युवक से कहा, "रात को एक पागल ने हमें बहुत परेशान किया। घंटे-डेढ़ घंटे तक हमें इधर डराता-धमकाता रहा। वह हमें पीट भी सकता था।"

5. वाक्य विस्तार करें। 3

**(रात को, मंदिर में, हमें)**

पागल ने परेशान किया।

.....................................

..................................................

......................................................................

6. निम्नलिखित वाक्य के रेखांकित सर्वनाम '**वह**' और '**हम**' किस-किसकी ओर संकेत देते हैं? 2

***'वह हमें पीट भी सकता था।'***

वह : ..................... हम : ...................

**सूचना : 'व्हाइट कैप' कहानी का यह अंश पढ़ें और 7 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

"अब जब तुम लौटोगे केशव,तो हमारी टीम से खेलना।" पहली टीम के कप्तान ने केशव को ऑफ़र दिया। लड़कों ने अपने हाथों का बल्ला, पैड़, स्टम्प, बॉल और शील्ड जो किसी टीम की नहीं हो सकी थी, ऑटो के पीछे की जगह में केशव को दिखाते हुए धर दिया।

7. पहली टीम के कप्तान ने केशव को क्या वादा दिया ? 1

(क) अपनी टीम में खेलने का

(ख) अपने साथ स्कूल ले जाने का

(ग) अपनी टीम के कप्तान बनने का

(घ) व्हाइट कैप खरीद देने का

8. कॉलोनी के लड़कों ने केशव को कैसे विदा दिया? 2

9. केशव ने अपने घर पहुँचकर आज के अनुभवों को डायरी में लिखा। केशव की संभावित **डायरी** लिखें। 4

**अथवा**

केशव के स्वास्थ्य स्थिति के संबंध में पूछते हुए कॉलोनी के लड़के ने पत्र लिखा। वह **पत्र** कल्पना करके लिखें।

**सूचना : 'गैलीलियो' शीर्षक लेख का यह अंश पढ़कर प्रश्न 10 और 11 के उत्तर लिखें।**

गैलीलियो ने आगे चलकर ढेर सारी दूसरी खोजें कीं। इनमें पहली दूरबीन भी शामिल है। गैलीलियो ने विज्ञान में प्रयोग तथा गणित को सही जगह देकर खुद आधुनिक या नए विज्ञान की खोज की।

10. (क) 'इनमें पहली दूरबीन भी शामिल है।'-इस वाक्य से विशेषण शब्द चुनकर लिखें 2

(ख) नमूने के अनुसार लिखें-

| इनमें = ये + में |

उनमें = ........ + .........

© State Assessment Cell - SCERT, Kerala

11. गैलीलियो ने कैसे नए विज्ञान की खोज की? 2

**सूचना : 'दोहे' पढ़कर प्रश्न 12 और 13 के उत्तर लिखें।**

> ऐसी बाणी बोलिए, मन का आपा खोय।
> अपना तन सीतल करैं, औरन को सुख होय।।
> ----------------------
> साधू ऐसा चाहिए, जैसा सूप सुभाय।
> सार-सार को गहि रहै, थोथा देइ उड़ाय।।

**प्रस्ताव:** (i) अपनी वाणी से तन-मन को शांत किया जा सकता है।
(ii) दूसरों को सताना सज्जनों का स्वभाव है।
(iii) अपनी बातों से दूसरों को सुख प्रदान करना है।
(iv) औरों को सताने से मन में शांति आती है।

12. उपरोक्त दोहों के आधार पर सही प्रस्ताव क्या हैं? 1

(क) प्रस्ताव **i** और **ii** सही है। (ख) प्रस्ताव **iii** और **iv** सही है।

(ग) प्रस्ताव **i** और **iii** सही है। (घ) प्रस्ताव **ii** और **iv** सही है।

13. 'सार्थक बातों को अपनाकर बेकार की बातों को छोड़ना है।'–यह आशय वाली पंक्ति चुनकर लिखें। 2

**सूचना : 'परी लड़की' कहानी का यह अंश पढ़कर प्रश्न 14 और 15 के उत्तर लिखें।**

> "क्या तुम्हारे पास कुछ खाना है?" –मैं फुसफुसाया। मेरी परी लड़की ने सिर हिलाया। हम देखते रहे, इंतज़ार करते रहे। एक गलत कदम का मतलब था मौत। मेरी मौत। उसकी मौत। जब सही समय आया, तो उसने बाड़ के पार से एक सेब फेंका।

14. किसने किसको सेब फेंक दिया? 1

(क) हरमन ने माँ को (ख) रोमा ने हरमन को
(ग) हरमन ने रोमा को (घ) हरमन ने भाई को

15. संकेतों की मदद से हरमन की चरित्रगत विशेषताओं पर **टिप्पणी** लिखें। 4

- कष्टताएँ सहना
- आत्मविश्वास रखना
- यादों में खोना
- माँ से प्यार करना

**अथवा**

संकेतों की सहायता से रोमा की चरित्रगत विशेषताओं पर **टिप्पणी** लिखें।

- होशियार लड़की
- समानुभूति रखनेवाली
- प्रतीक्षा करनेवाली

© State Assessment Cell - SCERT, Kerala

**सूचना : निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ पढ़कर प्रश्न 16 और 17 के उत्तर लिखें।**

**फूल और काँटा**

-अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

है जनम लेते जगह में एक ही,
एक ही पौधा उन्हें है पालता
रात में उनपर चमकता चाँद भी
एक ही सी चाँदनी है डालता।
मेह उनपर है बरसता एक-सा,
एक-सी उनपर हवाएँ हैं बहीं
पर सदा ही यह दिखाता है समय,
ढंग उनके एक-से होते नहीं।

16. फूल और काँटे का जनम कहाँ होता है? 1

17. कवि और कविता का परिचय देते हुए कवितांश का **आशय** लिखें। 4

**अथवा**

कवितांश के आधार पर **विश्लेषणात्मक टिप्पणी** लिखें।

■

© State Assessment Cell - SCERT, Kerala